# पुष्कर का जल लेकर छह सदस्यीय प्रतिनिधि दल अयोध्या रवाना

## अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में पुष्कर सरोवर के पवित्र जल से भी अभिषेक किया जायेगा

**पुष्कर, (निसं)।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में पुष्कर सरोवर के पवित्र जल से भी अभिषेक किया जायेगा। इसके लिए आज सरोवर की पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक के बाद श्री तीर्थ गुरू पुष्कर पुरोहित संघ ट्रस्ट का 6 सदस्यीय प्रतिनिधि दल सरोवर के जल से भरा कलश लेकर अयोध्या के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना किया।

कार्यवाहक अध्यक्ष पुष्करनारायण आदाली, कोषाध्यक्ष विमल बादल पाराशर आदि रामलला के अभिषेक के लिए पुष्कर सरोवर का जल अयोध्या भिजवाने का निर्णय लेने के बाद ब्रह्म घाट पर पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद ट्रस्ट के प्रतिनिधि के रूप में छह पुरोहितों का दल संजय पाराशर, अंकित पाराशर, आशीष पाराशर, सुधांशु पाराशर, देवांश पाराशर व अभिषेक पाराशर जल लेकर रवाना हुए। इससे पूर्व जल कलश की ब्रह्म घाट पर वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा की गई तथा प्रतिनिधियों को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति, पुष्कर वह ट्रस्ट की ओर से माला पहना कर धूमधाम से अयोध्या के लिए रवाना किया गया। प्रतिनिधि दल मंगलवार को अयोध्या पहुंचेंगे तथा रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति को भगवान के अभिषेक के लिए पुष्कर सरोवर का जल कलश सौंप कर लौट आएंगे।



श्री तीर्थ गुरू पुष्कर पुरोहित संघ ट्रस्ट के छह सदस्यीय प्रतिनिधि दल को सरोवर के जल से भरा कलश लेकर अयोध्या के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना किया।

इस दौरान सुभाष गुरु जी ने सभी को सरोवर की पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान रोजड़ी माता के महंत अमित दास, तीर्थ पुरोहित संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष पुष्कर नारायण आदाली, कोषाध्यक्ष विमल उर्फ बादल पाराशर, पार्षद लक्ष्मी देवी पाराशर, रेशू पाराशर, अंकित पाराशर, मोहित पाराशर, आशीष पाराशर, अजय पाराशर, लखन सरवाडीया, संजय पाराशर, अशोक पाराशर, मुकेश कुमावत, मोहित पाराशर, नंदकिशोर भोमिया, देवांश पाराशर, अरुण पाराशर, ब्रह्मा मंदिर के पुजारी कृष्ण गोपाल, वशिष्ठ विष्णु पाराशर, हार्दिक काला सुरजीत वैष्णव, सुभाष पाराशर, गिर्राज पाराशर, राजकुमार पाराशर, कमलेश वशिष्ठ, सुधांशु पाराशर, कौशल मुखिया, पूर्व पार्षद महेश पाराशर, राजन, जुगल किशोर, वशिष्ठ अजय पाराशर, रामनिवास वशिष्ठ, वासुदेव पाराशर, गिरिराज पाराशर, दीपक पाराशर, मनोज सेन, अशोक पाराशर, राकेश पाराशर, जगदेव सिंह, गंगा यादव, राजेंद्र गौड़, श्याम सुंदर मारोठिया व विवेक रांकावत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति की ओर से 22 जनवरी को पुष्कर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए शहर के घर-घर में पीले चावल, अयोध्या के राम मंदिर की तस्वीर बांटे जा रहे हैं। समिति के कार्यकर्ताओं ने ब्रह्मा मंदिर मार्ग, अंबेडकर कॉलोनी समेत विभिन्न रिहायशी कॉलोनियों व मंदिरों में अयोध्या से आए पीले चावल, पत्रक व राम मंदिर के चित्र वितरित कर नगर वासियों को कार्यक्रम का न्यौता दिया। साथ ही लोगों को अपने घर व प्रतिष्ठानों में सजावट कर देशी घी के दीपक जलाने का आग्रह किया। पीले चावल बांटने वालों में समिति के नगर प्रमुख नंदकिशोर पाराशर, सह नगर प्रमुख बालकिशन पाराशर, कृष्ण गोपाल वशिष्ठ, अजय पाराशर, लक्ष्मी पाराशर, विष्णु शर्मा, कमलेश वशिष्ठ, रोहन बाकोलिया, धर्मेंद्र नागौरा, हार्दिक पाराशर आदि शामिल थे।

■ **प्रतिनिधि दल मंगलवार को अयोध्या पहुंचेंगा तथा रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति को जल कलश सौंप कर लौटेगा**

# अजमेर में बनी मशीनों से सीता रसोई अयोध्या में बनेंगी रोटियां



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हरी झंडी दिखाकर चपाती मेकिंग मशीनों को रवाना किया।

**अजमेर, (कासं)।** अयोध्या में रामभक्तों के लिए बनने वाली भोजन प्रसादी में अजमेर में बनी आठ चपाती मेकिंग मशीन भी रोटियां सेकेंगी। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हरी झंडी दिखाकर मशीनों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि मां सीता भोजनशाला में अजमेर से मशीनों के जाने से पुण्य प्राप्त होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापना होगी। यह सपना सदियों से भारतीयों का रहा है। हम 500 साल तक संघर्ष करते रहे और हजारों कारसेवक शहीद हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह काम होने जा रहा है। भगवान गर्भ गृह में विराजेंगे। यह सभी का सौभाग्य है। धीरे-धीरे पूरा भारत राममय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल बनने जा रहा है। इस अवसर पर अजमेर वासियों की भी सहभागिता बन रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की सीताभोजन शाला में बनने वाली रोटियों के लिए मशीनों को रवाना किया गया है। अजमेर से 8 मशीन भेजी गई है। इससे पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अजमेर के 50 कार्मिक भी वहां काम कर रहे हैं। यह अजमेर वासियों का सौभाग्य है।

■ **अयोध्या में रामभक्तों के लिए बनने वाली भोजन प्रसादी में चपाती मेकिंग मशीन भी रोटियां सेकेंगी**

**एक बार मे 1200 चपातियां बनेंगी :-** मशीन निर्माता राजेश एवं मनीष शर्मा ने बताया कि अयोध्या से उन्हें संत गोपालदास की ओर से मशीनों का आर्डर मिला। एक मशीन एक बार में 1200 चपातियां बनाएगी। जिस पिकअप में मशीन भेजी गई है, उसे सजाया गया। पूरे विधि-विधान के साथ अयोध्या रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर धर्मेन्द्र गहलोत, अध्यक्ष रमेश सोनी और पार्षदों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# आमिर खान की बेटी ईरा खान ने हाथों पर मेहंदी रचाई

**उदयपुर, (निसं)।** लेकसिटी के ताज अरावली में हो रही आमिर खान की बेटी ईरा खान व फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के वेडिंग फंक्शन सोमवार से शुरू हो गए। रविवार को वेलकम सेरेमनी के बाद सोमवार दोपहर में ईरा खान ने हाथों पर मेहंदी रचाई। मंगलवार को संगीत नाइट होगी। मराठी कल्चर पर हो रही इस शादी में 10 जनवरी को शाम 4 बजे होने वाला "वोऊ" (प्रतिज्ञा) फंक्शन भी वेडिंग का रोचक हिस्सा होगा।

■ **मराठी थीम पर हो रहे हैं कार्यक्रम, 10 जनवरी को लेंगे एक-दूसरे के साथ रहने की प्रतिज्ञा "वोऊ"**

उदयपुर में ईरा खान व नुपुर शिखरे की हो रही शादी के आज मेहंदी सेरेमनी के दौरान दुल्हा-दुल्हन ने हाथों पर मेहंदी रचाई वहीं मेहमानों के साथ बॉलीवुड गानों पर ठुमके लगाते दिखाई दिए। रात में "पायजामा पार्टी" हुई जिसकी थीम पायजामा, लूज टी शर्ट व टॉप कुर्ती पहनना रखा गया जहां मेहमान सरल व कन्फर्ट अंदाज में ड्रेस यह पहने नजर आए। मंगलवार को शाम सात बजे से संगीत सेरेमनी होगी। उदयपुर में हो रही इस वेडिंग सेरेमनी में बॉलीवुड व उद्योग जगत से जुड़े सितारों के आने की संभावना कम ही है क्योंकि आगामी 13 जनवरी को मुंबई में इस वेडिंग का ग्रांड रिसेप्शन होना है जिसमें बॉलीवुड किंग शाहरूख खान, सलमान खान सहित कई हस्तियां शामिल हो सकती है।



उदयपुर में आमिर खान की बेटी ईरा खान की शादी में मेहंदी सेरेमनी हुई।

उदयपुर में तीन दिन होने वाले सेरेमेनी के अंतिम दिन 10 जनवरी को शाम चार बजे "वाऊ" फंक्शन होगा जिसमें दुल्हा-दुल्हन जो पहले ही रजिस्टर्ड मैरिज कर चुके है। इसमें दुल्हा-दुल्हन एक दूसरे के होने की प्रतिज्ञा लेंगे या मराठी कल्चर से वैवाहिक रस्में हो सकती है।

# बजरी परिवहन में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृत्ताधिकारी निवाई महावीर सिंह व थानाधिकारी निवाई हरिपाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना निवाई क्षेत्र से अवैध खनन कर बजरी परिवहन करते पाये जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रौली को जप्त कर चालक गिर्राज पुत्र भोजाराम को गिरफ्तार किया।

■ **एक चालक व मालिक को गिरफ्तार किया**

एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक पुलिस की नाकाबन्दी देखकर नाकाबंदी स्थल से पहले ही अवैध बजरी से भरी ट्रॉली को ट्रेक्टर के जोइन्ट से खोलकर ट्रॉली को रोड पर छोड़कर ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गया, जिस पर ट्रॉली को जप्त किया गया तथा थाना निवाई पर दर्ज प्रकरण एमएमडीआर एक्ट में फरार चल रहे वाहन स्वामी कमलेश पुत्र जमनालाल निवासी मवाशीपुरा उर्फ थूणी बरोनी जिला टोंक को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार थाना बरोनी क्षैत्र में थानाधिकारी ओमप्रकाश द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम बगडी, ईस्मालपुरा रोड से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली मय अवैध बजरी से भरे हुए को जब्त किया तथा चालक व मालिकों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# नई हिल पॉलिसी के लिए यू.डी.ए. ले रहा जन प्रतिनिधियों के सुझाव

## 25 हेक्टेयर भूमि पर यूआईटी ने 8 से 9 हजार पौधे लगाये हैं

**उदयपुर, (निसं)।** अरावली पहाड़ियों को बचाने के लिए हाइकोर्ट के निर्देश पर तैयार की जा रही नई हिल पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार करने में उदयपुर विकास प्राधिकरण (यू.डी.ए.) की ओर से जन प्रतिनिधियों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को यूडीए अधिकारियों के साथ शहर विधायक ताराचंद जैन ने बड़गांव स्थित रामगिरी पहाड़ी पर पिछले कुछ सालों में किए गए पौधारोपण का अवलोकन किया। उसके बाद यूडीए सभागार में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जैन ने अपने सुझाव दिये। यूडीए अध्यक्ष सम्भागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने सुझावों को प्रमुखता से पॉलिसी ड्राफ्ट में शामिल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



बड़गांव की रामगिरी पहाड़ी का विधायक ताराचंद जैन और यूडीए अध्यक्ष राजेन्द्र भट्ट ने अवलोकन किया।

विधायक जैन यूडीए अध्यक्ष सम्भागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, यूडीए सचिव राजेश जोशी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा, भूमि अवाप्ति अधिकारी मनसुख डामोर, तकनीकी सलाहकार बीएल कोठारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगिरी पहाड़ी पहुंचे। यहां 25 हेक्टेयर भूमि पर पिछले चार-पांच साल में यूआईटी की ओर से करीब 8 से 9 हजार पौधे लगाकर किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया। यूडीए अध्यक्ष भट्ट ने विधायक को अवगत कराया कि इस पहाड़ी को शहर के लिए ऑक्सीजन पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। शहर के चारों कोनों में पहाड़ियों पर इस तरह के ऑक्सीजन पार्क विकसित करने की योजना है।

पहाड़ी क्षेत्र को अतिक्रमण व अन्य गतिविधियों से बचाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नई हिल पॉलिसी में भी इस तरह के ऑक्सीजन पार्क विकसित किए जाने का प्रस्ताव सम्मिलित किया जा रहा है। बाद में यूडीए सभागार में आयोजित बैठक में विधायक जैन ने इस पहल की प्रशंसा की और नए ऑक्सीजन पार्क के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का सुझाव दिया। साथ ही विधायक ने कहा कि उदयपुर शहर की झीलों को पर्यटन की लाइफलाइन कहा जाता है। लेकिन यदि पहाड़ियां नहीं बचेंगी तो झीलों का कैचमेंट एरिया नष्ट हो जाएगा जिससे झीलों में पानी की आवक पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ऐसे में पहाड़ियों का संरक्षण करना अति आवश्यक है। नई हिल पॉलिसी में इन सभी तथ्यों को समावेश किया जाना चाहिए।

यूडीए अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि नई हिल पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए जल्द ही एक विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया जाएगा जिसमें यूडीए, नगर नियोजन, राजस्व, वन, सिंचाइ विभाग के विशेषज्ञों सहित जीआइएस एक्सपर्ट एवं आर्किटेक्ट आदि को सम्मिलित किया जाएगा। इसके तहत सज्जनगढ़ की पहाड़ी को केन्द्र मानते हुए 20 किलोमीटर की हवा परिधि में आने वाली पहाड़ियों का सर्वे किया जाएगा जिसके आधार पर पहाड़ियों का वर्गीकरण किया जाएगा। उसके बाद रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी जहां पर हाइकोर्ट के दिशा-निर्देशानुसार नये नियम बनाए जा सकेंगें।

# आयुर्वेद स्टार्टअप में अपार संभावनायें : प्रो. प्रजापति

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की उपस्थिति में आयुर्वेद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिये चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, पटना के सौजन्य से आयुर्वेद सेक्टर में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए उन्मुखीकरण व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो. राना सिंह निदेशक, चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, पटना द्वारा स्टार्टअप ओरियंटेशन पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार किसी विचार पर आगे बढ़ें, किस प्रकार बाजार को पहचानें, किस प्रकार प्रोडक्ट प्लान कर उस पर आगे बढ़ें। प्रोडक्ट निर्मित करने हेतु स्थानीय फैक्ट्रियों की प्रारंभ में सहायता लें। जब आपका उत्पाद बाजार में अच्छी तरह पकड बना ले तो निर्माण यूनिट स्थापित करने के विषय में सोचना चाहिये, ताकि आप किसी प्रकार के वित्तीय संकट में ना पड़ें। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने की स्ट्रेटजी यदि सही है तो आसानी से अच्छा बिजनेस मॉडल खड़ा किया जा सकता है। कुमोद कुमार, सी.ई.ओ, चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, पटना ने बताया कि चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, पटना की बीआईआईएफ, पटना सदैव आयुर्वेद वि.वि.के साथ है। वह छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने में सदैव सहायता करेगी।

प्रो. प्रजापति ने छात्रों एवं संकाय सदस्यों को सम्बोधित करते हुये कहा कि संपूर्ण विश्व आज आयुर्वेद से प्रभावित है कि किस तरह से कोरोना महामारी में आयुर्वेद की औषधियों ने कमाल कर करोड़ों लोगों की ना केवल जान बचायी अपितु उनको आत्मनिर्भर भी बनाया। विश्व के सभी देश इस दिशा में नवीन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें भी भीड़ से हटकर कुछ नया सोचना होगा, जिसको हम नवीन स्टार्टअप में परिवर्तित कर सकें। वर्तमान में आयर्वेुद विश्वविद्यालय में स्टार्टअप एवं इनोवेशन सेल का गठन हो चुका है, जोकि सदैव छात्र-छात्राओं के नवीन सोच को सकारात्मक लेकर आगे बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध है।

प्रो. महेन्द्र शर्मा, उप-कुलसचिव एवं प्राचार्य पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद ने बताया कि आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों में इस व्याख्यान का सीधा प्रसारण किया गया। इस व्याख्यान में आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों जैसे- पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ होम्योपैथी एवं यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी के समस्त संकाय सदस्य और लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# हजरत ख्वाजा साहब के 812 वें उर्स का झंडा चढ़ा

## रजब महीने का चांद दिखाई देने पर 12 या 13 जनवरी की रात से उर्स की विधिवत शुरुआत होगी

**अजमेर, (कासं)।** विश्व विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा साहब के 812 वें उर्स का झंडा ख्वाजा गरीब नवाज मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के मुख्य बुलंद दरवाजे पर सोमवार को शान-औ शोकत के साथ पूरे सुरक्षा इंतजामों के बीच चढ़ाया गया।

भीलवाड़ा के गौरी परिवार के द्वारा बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाकर उर्स की अनौपचारिक शुरुआत की गई।

■ **भीलवाड़ा के गौरी परिवार के द्वारा बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाकर उर्स की अनौपचारिक शुरुआत की गई**

रजब महीने का चांद दिखाई देने पर 12 या 13 जनवरी की रात से उर्स की विधिवत शुरुआत होगी। झड़े की रस्म के दौरान बड़ी संख्या में जायरीन की भीड़ मौजूद रही। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट और अधिकारियों सहित पुलिस व आरएसी का अतिरिक्त जाब्ता तैनात रहा। जानकारी के अनुसार मेरा ख्वाजा हिंद का राजा और नारा ए तकबीर आदि की सदाओं के बीच शान औ शौकत के साथ गाजे-बाजे और सूफियाना कलाम की अदायगी के साथ झंडे का जुलूस अस्र की नमाज के बाद गरीब नवाज गेस्ट हाउस से शुरू हुआ।



भीलवाड़ा के गौरी परिवार ने बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाया।



अजमेर ख्वाजा साहब की दरगाह में झड़े की रस्म के दौरान बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद रहे।

जुलूस में बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद थे। गौरी परिवार के सदस्य झंडा उठाए हुए थे। दरगाह गेस्ट हाउस, लंगर खाना गली, नला बाजार और दरगाह बाजार में झंडे के जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ जमा थी। इरशाद रिफाई की अगुवाई में कलंदर व मलंग हैरत अंगेज करतब पेश करते हुए चल रहे थे। सबसे आगे ढोल वादक थे। गौरतलब है कि रजब का चांद दिखाई देने पर 12 या 13 जनवरी से और इसकी विधिवत शुरुआत होगी।

अंजुमन सैयदजादगान के उर्स कन्वीनर सैयद हसन हाशमी ने बताया कि चांद रात 12 जनवरी को है। इस दिन तड़के 4.30 बजे जन्नती दरवाजा खुलेगा। शाम को रजब का चांद नजर आ गया तो यह दरवाजा 18 तक लगातार खुला रहेगा। अन्यथा रात को बंद कर दिया जाएगा और 13 को फिर खुलेगा। यदि 12 जनवरी को रजब महीने का चांद दिखाई दे गया तो रात से ही गरीब नवाज के उसे की महफिल शुरू हो जाएगी। दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन अली खान की सदारत में महफिल होगी। मध्य रात्रि को गुस्ल दिया जाएगा। 12 को चांद नहीं होने पर 13 की रात से ये रसूमात शुरू होंगी। उर्स मेले में इस बार 400 से ज्यादा पाक जायरीन के आने की संभावना है। जिला प्रशासन के द्वारा सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में व्यवस्था की गई है।